दून में पॉड टैक्सी की डीपीआर संशोधित होगी, रोपवे परियोजना पर कवायद तेज

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। प्रदेश में राजधानी देहरादून में प्रस्तावित पॉड टैक्सी (पीआरटी) परियोजना की डीपीआर संशोधित होगी। मसूरी व नैनीताल की प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की कवायद तेज होगी। सचिव आवास डॉ.आर राजेश कुमार ने बुधवार को तीनों परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में अहम निर्देश दिए।

पॉड टैक्सी परियोजना, मसूरी एवं नैनीताल में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन को लेकर बुधवार को सचिवालय में समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता सचिव आवास डॉ. आर राजेश कुमार ने की। बैठक में मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूकेएमआरसी) सहित संबंधित विभागों एवं परामर्शदात्री संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यूकेएमआरसी के एमडी ने दून में प्रस्तावित पीआरटी परियोजना पर प्रस्तुतीकरण दिया।

डॉ. आर राजेश कुमार

बताया कि दून में पीआरटी को ईबीआरटीएस के फीडर सिस्टम के रूप में विकसित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके तहत तीन प्रमुख कॉरिडोर क्लेमेंटटाउन से बल्लूपुर चौक, पंडितवाड़ी से रेलवे स्टेशन और गांधी पार्क से आईटी पार्क तक के मार्ग शामिल है। सचिव आवास परियोजना की उपयोगिता को और अधिक स्पष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर में परियोजना की आवश्यकता, पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन (ईआईए), सामाजिक प्रभाव तथा वित्तीय व्यवहार्यता को ठोस रूप में प्रस्तुत किया जाए। सचिव खुद भी इन कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

सचिव आवास ने की दून में पॉड टैक्सी व मसूरी-नैनीताल रोपवे योजना की समीक्षा

रोपवे परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की

बैठक में मसूरी एवं नैनीताल में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं की फिजिबिलिटी अध्ययन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एमडी ने बताया कि रोपवे परियोजनाएं पर्वतीय शहरों में यातायात जाम, पार्किंग समस्या व प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस पर सचिव ने रोपवे परियोजनाओं के तहत आने वाली समस्त भूमि का विस्तृत विवरण, स्वामित्व की स्थिति सहित तैयार करने व संबंधित विभागों से पत्राचार कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।